ST JOHN'S PUBLIC SCHOOL, NAGPUR

TERM II EXAMINATION (2019 – 20)

***Name* - _____**	**Subject- Hindi**	**Max. mks.- 30**
Roll No- _____	**Class – III**	**Time- 1 Hr**
Date - _____	**Session- 2019 – 20**	**No of Ques.- 8**

प्र-1) शब्दार्थ लिखो । (2X1=2)

हिस्सा =——— चिट्टी = ———

प्र-2) विलोम शब्द लिखो (2X1=2)

हिम्मत × आग़ ×

सामान्य × देश ×

प्र-3) दिए गए शब्दों को वाक्य में प्रयोग करो । (3X1=3)

आग हिम्मत संसार

प्र-4) एक वाक्य में उत्तर लिखो । (3X1=3)

क) पोंगल का त्यौहार कितने दिनों तक मनाया जाता है ?

ख) मेट्रो में टिकट के रूप में क्या मिला ?

ग) एडिसन का पूरा नाम क्या था ?

प्र-5) तीन से चार वाक्य में उत्तर लिखो। (3X1=3)

क) मकर संक्रांति का त्यौहार कैसे मनाया जाता है ?

ख) हिमालय पर्वत के शिखर पर पहुंचकर बचेंद्री पाल ने क्या किया ?

ग) बल्ब बनाने के अपने प्रयोग में असफल हो रहे एडिसन से एक व्यक्ति से क्या पूछा ?

प्र-6) दिए गए चित्र के बारे में पांच वाक्य लिखो । (5X1=5)

प्र-7) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो । (5X1=5)

एडिसन एक महान वैज्ञानिक थे ।।उनका पूरा नाम थॉमस अल्वा एडिसन था ।वह बहुत ही मेहनती और कर्मठ थे ।जानते हो, बचपन में उन्होंने यह कह कर स्कूल से निकाल दिया गया था कि वह एक मंदबुद्धि बालक है। उसी थॉमस एडिसन ने कई महत्वपूर्ण अविष्कार करके दुनिया को चकित कर दिया । उनके अविष्कारों में एक प्रमुख आविष्कार है' बिजली का बल्ब'। पता है, बल्ब का आविष्कार करने के लिए उन्होंने हजारों प्रयोग किए थे, तब कहीं जाकर उन्हें सफलता प्राप्त हुई थी ।

प्र-1) एडिसन किस प्रकार के व्यक्ति थे ?

प्र-2) उन्हें स्कूल से क्या कह कर निकाल दिया गया था ?

प्र-3) थॉमस एडिसन कैसे व्यक्ति थे ?

प्र-4) थॉमस एडिसन ने दुनिया को कैसे चकित कर दिया ?

प्र-5) एडिसन कौन थे ?

व्याकरण

प्र-1) दिए गए शब्दों में सर्वनाम शब्द रेखांकित करो । (3X1=3)

क) उन्होंने हजारों प्रयोग किए ।

ख) मेरे एक हजार प्रयोग असफल हुए हैं ।

ग) हमारा दल धीरे-धीरे हिमालय पर चढ़ने लगा ।

प्र-2) नीचे दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्द छाटों और लिखो । (2X1=2)

क) मुझे अनेक पुरस्कार भी मिले थे ।

ख) रास्ते में बर्फीली हवाएं चल रही थी ।

प्र-3) दिए गए वाक्यों के लिए सही क्रिया शब्द छाट कर लिखो। (2X1=2)

क) हम मेट्रो की यात्रा पर ---------- ।निकले थे / निकला था

ख) टोकन को मशीन के छेद में_____। डालना पड़ता है/ डालना पड़ती है